हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176213
Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176213

क्रमांकः हिशिबो (37) D.E.B(D.EL.ED)2023 32030 – 32040 दिनांकः 26-08-23

"अधिसूचना"

बोर्ड अधिसूचना क्रमांकः हिशिबो (37)D.E.B(D.EL.ED)2023/32019-24 दिनांकः 17-08-2023 के क्रम को जारी रखते हुए अधिसूचित किया जाता है कि प्रदेश में हो रही भारी वर्षा से विभिन्न स्थानों/मार्गों पर भूस्खलन होने के कारण संपर्क मार्ग अवरूद्ध होने तथा परिवहन व संचार सुविधा में बाधा उत्पन्न होने की अपरिहार्य परिस्थितियों के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दो वर्षीय **Diploma in Elementary Education CET-2023 (D.El.Ed. CET 2023)** सत्र **2023-2025** के लिए सरकारी डाईट एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु **Counselling** प्रक्रिया जोकि बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में दिनांक 28-08-2023 से दिनांक 05-09-2023 तक आयोजित होनी थी, को स्थगित किया जाता है।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत Counselling प्रक्रिया दिनांक 28-08-2023 से 05-09-2023 के स्थान पर **अब दिनांक 11-09-2023 से 18-09-2023** तक प्रातः **10:00 बजे से** आयोजित **करवाई जाएगी।**

मैरिट लिस्ट अनुसार Counselling प्रक्रिया हेतु चयनित अभ्यर्थियों की तिथिबार सूची बोर्ड बेवसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध है। कौंसलिग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को यह निर्देश दिए जाते हैं कि वह बोर्ड़ वैबसाईट पर उपलब्ध तिथिबार सूची अनुसार ही बोर्ड़ मुख्यालय धर्मशाला कौंसलिंग हेतु पंहुचे। अभ्यर्थी अपने साथ बोर्ड़ वैबसाईट पर उपलब्ध BIO DATA FORM को भरकर तथा समस्त मूल शैक्षिणिक प्रमाण पत्र, कैटेगिरी/उप कैटेगिरी, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य सम्बधित प्रमाण पत्रों के साथ इन की सत्यापित छायाप्रतियां भी साथ लाना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए दूरभाष न0 01892-242192 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

डॉ0 (मेजर) विशाल शर्मा
सचिव

पृ0संख्याः यथोपरि–　　　　　　　　　　दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजि सहायक (अध्यक्ष/सचिव)।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर सैल एवं डाटा सैंटर को इस आशय से प्रेषित है कि अधिसूचना, कौंसलिंग प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों की तिथिबार सूची को बोर्ड की वैबसाईट पर अपलोड करने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
3. लोक सम्पर्क प्रभारी, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि वह इस अधिसूचना को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित करें।
4. State Project Director, Himachal Pradesh Shimla-1 को सूचनार्थ।
5. Principal Govt. DIET's & Pvt Affiliated Institutes H.P. को सूचनार्थ।
6. गार्डफाईल ।

डॉ0 (मेजर) विशाल शर्मा
सचिव

ज्ञानालोकपरिसर, धर्मशालाज़िला कॉंगड़ा(हि०प्र०)-176213
दूरभाष/Tele: 01892-242117-242119-**242192**
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817
GayanalokParisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176213
अणुडाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com, hpbosetet@gmail.com
Website : hpbose.org